# Central University of Haryana

**NAAC Accredited ‘A’ Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH student reached the final of NEYP

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 26-01-2022**

# एनईवाईपी के फाइनल राउंड में हकेंवि की छात्रा सिमरन का चयन

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ की छात्रा सिमरन चौहान ने नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट (एनईवाईपी) 2022 में



उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। छात्रा को आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन चौहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अंतिम चरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी।

प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि फाइनल राउंड में शीर्ष दस प्रतिभागियों को स्थान मिला है। जिसके लिए निर्धारित प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 फरवरी को होगा। सिमरन चौहान ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय विश्वविद्यालय शिक्षकों व अपने परिवारजनों को दिया है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन एनईवाईपी के फाइनल में पहुंची

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की छात्रा सिमरन चौहान ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद (एनईवाईपी) 2022 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छात्रा को आगामी 27 फरवरी को भारत की संसद में आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन चौहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अंतिम चरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय में इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सिमरन चौहान का चयन जोनल स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालय से शामिल 71 विद्यार्थियों में से हुआ है। उन्हें फाइनल राउंड में लिए शीर्ष दस प्रतिभागियों में स्थान मिला है। जिसके लिए निर्धारित प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 फरवरी को होगा। सिमरन चौहान ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय विश्वविद्यालय शिक्षकों व अपने स्वजन को दिया।



सिमरन चौहान • सौ. हकेवि

**सिमरन ने राष्ट्रीय युवा पर्यावरण संसद में किया उल्लेखनीय प्रदर्शन, 27 फरवरी को भारत की संसद में होने वाली प्रतियोगिता में लेंगी भाग**

नारनौल निवासी शिवचरण चौहान की पुत्री सिमरन ने बताया कि वह देश की सेवा की इच्छुक हैं और इसके लिए वह सिविल सर्विसेज के लिए भी तैयारी कर रही हैं। यहां बता दें कि सिमरन मार्शल आर्ट में भी महारत रखती है और राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर चुकी हैं।

सिमरन की मां मंजू चौहान ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि बेटियां अब बेटों से आगे हैं। इस बात को सिमरन ने साबित कर दिया है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 26-01-2022**

# छात्रा सिमरन एनईवाईपी के फाइनल में पहुंची

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन चौहान ने नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट एनईवाईपी 2022 उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर के तहत आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छात्रा को आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन चौहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अंतिम चरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सिमरन चौहान का चयन जोनल स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालय से शामिल 71 विद्यार्थियों में से हुआ है। उन्हें फाइनल राउंड में लिए शीर्ष दस प्रतिभागियों में स्थान मिला है, जिसके लिए निर्धारित प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 फरवरी को होगा।



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 26-01-2022**


# ह.कें.वि. की छात्रा सिमरन एन.ई.वाई.पी. के फाइनल में

महेंद्रगढ़, 25 जनवरी (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ की छात्रा सिमरन चौहान ने नैशनल एन्वायरनमैंट यूथ पार्लियामैंट (एन.ई.वाई.पी.) 2022 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय में एम.टैक. स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने गुरु घासी दास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छात्रा को आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के अंतिम राऊंड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है।



*सिमरन चौहान।*

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन चौहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अंतिम चरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय में इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सिमरन चौहान का चयन जोनल स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालय से शामिल 71 विद्यार्थियों में से हुआ है। उन्हें फाइनल राऊंड में शीर्ष 10 प्रतिभागियों में स्थान मिला है, जिसके लिए निर्धारित प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 फरवरी को होगा। सिमरन चौहान ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय शिक्षकों व अपने परिवारजनों को दिया।

**Central University of Haryana**

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 26-01-2022**

# हकेवि की छात्रा सिमरन चौहान पहुंची एनईवाईपी के फाइनल में

राष्ट्रीय खबर ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ की छात्रा सिमरन चौहान ने नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट (एनईवाईपी) 2022 उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। छात्रा को आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले इस प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन चौहान के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें अंतिम चरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। विश्वविद्यालय में इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सिमरन चौहान का चयन जोनल स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालय से शामिल 71 विद्यार्थियों में से हुआ है। उन्हें फाइनल राउंड में लिए शीर्ष दस प्रतिभागियों में स्थान मिला है। जिसके लिए निर्धारित प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 27 फरवरी को होगा। सिमरन चौहान ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय विश्वविद्यालय शिक्षकों व अपने परिवारजनों को दिया। नारनौल निवासी श्री शिवचरण चौहान की पुत्री सिमरन ने बताया कि वह देश की सेवा की इच्छुक है और इसके लिए वह सिविल सर्विसेज के लिए भी तैयारी कर रही है। यहां बता दें कि सिमरन मार्शल आर्ट में भी महारत रखती है और राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर चुकी है।



# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 26-01-2022**

# हकेविवि की छात्रा सिमरन चौहान एनईवाईपी के फाइनल में पहुंची

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन चौहान ने नेशनल एनवायरमेंट यूथ पार्लियामेंट (एनईवाईपी) 2022 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

विश्वविद्यालय में एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष की छात्रा ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

छात्रा को आगामी 27 फरवरी को आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने सिमरन चौहान के प्रदर्शन की सराहना की। विश्वविद्यालय में इस प्रतियोगिता के संयोजक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सिमरन चौहान का चयन जोनल स्तर की प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालय से शामिल 71 विद्यार्थियों में से हुआ है। उन्हें फाइनल राउंड में लिए शीर्ष दस प्रतिभागियों में स्थान मिला है।